प्रेस नोट–127 / 2026
दिनांक 05.03.2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

16वीं अखिल भारतीय पुलिस स्टैण्डअलोन स्नाइपर प्रतियोगिता मे यूपी एटीएस के कमाण्डो को"बेस्ट स्नाइपर डिटैचमेंट इवेंट" में स्वर्ण पदक

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) प्रशिक्षण केंद्र, मानेसर, गुरूग्राम (हरियाणा) में दिनांक 16 से 28 फरवरी तक 16वीं अखिल भारतीय पुलिस स्टैण्डअलोन स्नाइपर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 17 केन्द्रीय एवं राज्य पुलिस बलों के चयनित स्नाइपर कमांडो ने भाग लिया और अपनी सामरिक दक्षता, धैर्य तथा उच्च स्तरीय निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया। स्नाइपर इवेंट एक विशेष सामरिक प्रतियोगिता या प्रशिक्षण अभ्यास होता है जिसमें स्नाइपर (लंबी दूरी के निशानेबाज) अपनी सटीक निशानेबाजी, धैर्य, छिपकर संचालन (stealth), लक्ष्य पहचान और सामरिक निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करते हैं।

इसमें सामान्यतः शूटर (Shooter) और स्पॉटर (Spotter) दो सदस्यीय टीम होती है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न परिस्थितियों में लंबी दूरी की सटीक फायरिंग, लक्ष्य की पहचान, दूरी का आकलन, छिपकर संचलन (stealth movement) तथा दबावपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया जाता है।

इस प्रतिस्पर्धा में **Uttar Pradesh Anti Terror Squad (UPATS) के कमांडो आकाश यादव एवं राकेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए "बेस्ट स्नाइपर डिटैचमेंट इवेंट" में स्वर्ण पदक** प्राप्त किया।

"स्नाइपर डिटैचमेंट इवेंट" सामान्यतः दो सदस्यीय टीम शूटर और स्पॉटर पर आधारित होता है, जिसमें टीमवर्क, लक्ष्य निर्धारण, पर्यावरणीय परिस्थितियों का विश्लेषण तथा अत्यंत सटीक फायरिंग के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है। यह इवेंट किसी बल की विशेष अभियान क्षमता और सामरिक समन्वय का महत्वपूर्ण मानक माना जाता है।

इससे पूर्व वर्ष 2025 में भी **कमांडो आकाश यादव को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड** द्वारा आयोजित बेसिक स्नाइपर कोर्स में "बेस्ट फायरर" का पुरस्कार प्राप्त हुआ था ।

AAKASH YADAV